web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 11 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 283

# दक्षिण गुजरात में भारी बारिश, दो जिलों में बाढ़ जैसे हालात, 700 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया बाहर

**अहमदाबाद (आरएनएस)।** दक्षिण गुजरात के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के चलते कुछ नदियों का जलस्तर बढ़ने से विभिन्न निचले इलाकों में पानी भर गया। नवसारी और वलसाड जिले में 700 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि ओरसांग नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद वलसाड के कुछ निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। कावेरी और अंबिका नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, इसलिए नवसारी जिले के अधिकारी भी अलर्ट पर हैं।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात और रविवार की सुबह वलसाड और नवसारी जिलों में बहुत भारी बारिश हुई। उन्होंने बताया कि छोटा उदयपुर और नर्मदा जिलों में भी भारी बारिश हुई, जिससे नदियां उफान पर हैं और निचले इलाकों में पानी भर गया है।

**तीन जिलों में पांच दिनों तक बहुत भारी बारिश की आशंका-** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को दक्षिण गुजरात के डांग, नवसारी और वलसाड जिलों में अगले पांच दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है। आईएमडी ने कहा है कि दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र के कई अन्य जिलों में भी इस अवधि के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की आशंका है।

जिलाधिकारी अमित प्रकाश यादव ने कहा कि नवसारी जिले में कावेरी और अंबिका नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। हम निचले इलाकों से लोगों को निकाल रहे हैं। अब तक 300 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक कंपनी की मदद से अभियान जारी है।



**नदी का जलस्तर बढ़ने और निचले इलाकों में बाढ़-** अधिकारियों ने बताया कि वलसाड में ओरसांग नदी का जलस्तर बढ़ने और निचले इलाकों में बाढ़ आने के बाद 400 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को वलसाड में कुछ राहत मिली और जलस्तर घट गया, जिसके बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटने लगे।

शनिवार से हो रही भारी बारिश के कारण दक्षिण और मध्य गुजरात और सौराष्ट्र क्षेत्र के कई बांधों में पानी भर गया है और नदियां उफान पर हैं। कई नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं, जिससे संबंधित प्रशासन को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है।

राज्य आपात अभियान केंद्र (एसईओसी) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वलसाड जिले के धरमपुर तालुका और नवसारी के वंसदा में रविवार को सुबह छह बजे तक 24 घंटे की अवधि में क्रमश: 216 और 213 मिलीमीटर बारिश हुई।

## तेलंगाना में भारी बारिश का रेड अलर्ट, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 128 गांवों से संपर्क टूटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई हिस्सों में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार दिनों तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हल्की से भारी बारिश का अनुमान लगाया है। वहीं, दक्षिण भारत के भी कई इलाकों में इन दिनों जमकर बारिश हो रही है। तेलंगाना में रविवार तक के लिए बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी है। कर्नाटक और केरल में भी भारी बारिश होने का अनुमान है। तेलंगाना में बारिश को लेकर रेड अलर्ट के मद्देनजर मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मुख्य सचिव सोमेश कुमार को अहम निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया जाए और सुरक्षा के त्वरित कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह समय-समय पर स्थिति की समीक्षा करेंगे और रविवार को भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक करेंगे। उन्होंने लोगों से बारिश के दौरान कोई जोखिम नहीं लेने का आग्रह किया और जब तक बहुत जरूरी न हो तब तक घर से बाहर नहीं निकलने को कहा है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से आई बाढ़ से कम से कम 130 गांव प्रभावित हुए हैं और 200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा। हालांकि, राहत की बात है कि अबतक कहीं से जानहानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के 128 गांवों से भारी बारिश की वजह से संपर्क टूट गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस अधिकारी ने आरोपी की पत्नी का किया रेप, थाना छोडक़र हुआ फरार

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के हैदराबाद से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां एक पुलिस अधिकारी ने एक महिला से रेप किया। यह महिला थाने में दर्ज एक मामले के आरोपी की पत्नी थी। इतना ही नहीं रेप के बाद पुलिस अधिकारी पर आरोप है कि उसने महिला और उसके पति का किडनैप भी किया है। इस पूरे मामले के खुलासे के बाद उस पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, यह घटना हैदराबाद के मारेदपल्ली पुलिस स्टेशन की है। एक महिला का आरोप है कि उसके पति के खिलाफ साल 2018 में दर्ज एक प्राथमिकी के मामले में की जांच क्षेत्र निरीक्षक नागेश्वर राव कर रहे थे। इसी मामले के जांच के सिलसिले में में बीते सात जुलाई को निरीक्षक महिला के घर में जबरन दाखिल हुआ और उसके साथ रेप किया।यह भी आरोप है कि इसमें कहा गया है कि नागेश्वर राव ने महिला और उसके पति को रिवाल्वर दिखाकर दोनों को अगवा भी कर लिया था। महिला ने यह भी बताया कि नागेश्वर राव ने उसके पति को पीटा भी है। इसके बाद धमकी भी दी कि अगर उन्होंने परिवार के सदस्यों को इस मामले के बारे में बताया तो वे एक झूठा मामला दर्ज करेंगे। मामला सामने आने के बाद फिलहाल पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। मामले में एक्शन लेते हुए हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने विस्तृत जांच और जांच लंबित रहने तक पुलिस अधिकारी को सेवा से निलंबित कर दिया है। उधर आरोपी पुलिस अधिकारी फरार है। नागेश्वर राव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष टीमें गठित की हैं।

### महाराष्ट्र में सियासी गहमागहमी जारी, 'सुप्रीम कोर्ट' सुनवाई से पहले शिवसेना के 53 विधायकों को नोटिस

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई में सरकार तो बन गई है, लेकिन सियासी गहमागहमी लगातार जारी है। इस वक्त एक बड़ी खबर यह आ रही है कि आदित्य ठाकरे को छोडक़र शिवसेना के 53 विधायकों को नोटिस भेजा गया है। जिन विधायकों को नोटिस भेजा गया है उनमें एकनाथ शिंदे गुट के 39 और ठाकरे खेमे के 14 एमएलए शामिल हैं। राज्य विधायिका के प्रमुख सचिव राजेंद्र भागवत ने महाराष्ट्र विधान सभा के इन 53 विधायकों को को दलबदल के आधार पर अयोग्यता नियम के तहत नोटिस जारी किया। विधायकों को 7 दिन में जवाब देने का निर्देश दिया गया है। विधानसभा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। आदित्य ठाकरे को नोटिस नहीं भेजने के पीछ जो सबसे बड़ा कारण है वह यह है कि शिंदे कैंप ने मातोश्री के प्रति सम्मान का दावा करते हुए आदित्य ठाकरे के खिलाफ के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का निर्णय किया था। शिवसेना के इन 53 विधायकों से एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा गया है। आपको बता दें कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दोनों खेमे द्वारा दी गई याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। दोनों ही खेमे ने तीन और चार जुलाई को पहले स्पीकर के चुनाव और फिर फ्लोर टेस्ट के दौरान व्हीप के उल्लंघन का आरोप लगाते हुआ सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

### एलजी के आदेश, अमरनाथ गुफा के ऊपर होगा हवाई सर्वे- बाढ़ के रास्ते से हटाए जाएंगे टेंट

**श्रीनगर (आरएनएस)।** अमरनाथ गुफा के नजदीक शुक्रवार शाम हुए हादसे के बाद राहत और बचाव कार्यों को लेकर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान कई अहम फैसले लिए गए। उपराज्यपाल ने गुफा के ऊपर की तरफ हवाई सर्वे करने का निर्देश दिया है ताकि देखा जा सके कि कोई और ऐसी झील वगैरह तो नहीं है, जो खतरा बन सके। इसके अलावा फ्लैश फ्लड के संभावित रास्ते में आने वाले टेंटों को शिफ्ट करने को भी कहा गया है। बादल फटने की घटना के बाद लापता लोगों की तलाश का काम जारी है। जानकारी के अनुसार इस बैठक में थलसेना, पुलिस, वायुसेना और नागरिक प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 15वीं कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एस.एस. औजला और पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने उपराज्यपाल को पवित्र गुफा के पास चल रहे बचाव अभियान की जानकारी दी। डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि अधिकतर घायलों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। श्रीनगर के बेस अस्पताल में कुछ लोगों का इलाज चल रहा है, उन्हें भी 24 घंटों में छुट्टी दे दी जाएगी।

## इंडिगो की उड़ानों पर आया संकट: कम वेतन के विरोध में टेक्नीशियन दिल्ली और हैदराबाद में छुट्टी पर गए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंडिगो एयरलाइंस के विमानों का रखरखाव करने वाले टेक्नीशियन कम वेतन के विरोध में पिछले दो दिन के दौरान दिल्ली और हैदराबाद में छुट्टी पर चले गए हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।



दो जुलाई को इंडिगो की घरेलू उड़ानों में से लगभग 55 प्रतिशत में देरी हुई थी क्योंकि बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों ने बीमार होने का हवाला देकर छुट्टी ले ली थी। विमानन उद्योग के सूत्रों ने कहा था कि ये कर्मी एअर इंडिया के भर्ती अभियान में शामिल होने के लिए गए थे।

जब कोविड-19 महामारी अपने चरम पर थी, तब इंडिगो ने अपने कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग के वेतन में कटौती की कर दी थी। नई एयरलाइन अकासा एयर, जेट एयरवेज और टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है और इससे विमानन उद्योग में हलचल शुरू हो गई है।

सूत्रों ने कहा कि पिछले दो दिन के दौरान, इंडिगो के काफी टेक्नीशियन बीमार होने का हवाला देते हुए छुट्टी पर चले गए हैं, ताकि कम वेतन के विरोध के चलते किसी भी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई ना की जा सके।

## तीन माह के लिए शयन मुद्रा में रहेंगे भगवान परशुराम, बोहरी मंदिर के कपाट हुए बंद

**विकासनगर (आरएनएस)।** परशुराम महाराज मंदिर बोहरी के कपाट बंद कर दिए गए हैं। तीन माह बाद विजयदशमी के दिन मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। जौनसार बावर के कालसी ब्लॉक के बोहरी गांव स्थित प्राचीन परशुराम मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। भगवान परशुराम मंदिर के देव दर्शन को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र उत्तराखंड आदि राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में सच्चे मन से परशुराम जी की उपासना करने से हर मुराद पूरी होती है। परशुराम मंदिर बोहरी गांव के पुजारी गुलाब सिंह बताते हैं कि इस मंदिर में लोगों की आस्था लोगों को यहां खींच लाती है। यहां आने वाले हर भक्त की मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने बताया कि विष्णु अवतार परशुराम 3 माह की शयन मुद्रा के उपरांत विजयदशमी के दिन भू लोक में आएंगे।

## उदयपुर के कन्हैया लाल मर्डर केस में एनआईए ने की 7वीं गिरफ्तारी, रियाज अत्तारी का करीबी है फरहाद

**उदयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के उदयपुर में बीते महीने नूपुर शर्मा समर्थक दर्जी कन्हैया लाल का सिर कलम कर नृशंस हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कन्हैया हत्याकांड मामले में अब तक यह सातवीं गिरफ्तारी है। गिरफ्तार युवक रियाज अत्तारी का करीबी बताया जा रहा है। एनआईए ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान 31 साल के फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला के रूप में हुई है। फरहाद को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था।



एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि वह हत्या के दो मुख्य आरोपियों में से एक रियाज अत्तारी का करीबी आपराधिक सहयोगी था और उसने दर्जी को मारने की साजिश में सक्रियता से भाग लिया था।

कन्हैया लाल की 28 जून को उसकी सिलाई की दुकान के अंदर चाकू से सिर काटकर हत्या कर दी गई थी। रियाज अत्तारी द्वारा दर्जी पर किए गए भीषण हमले को गौस मोहम्मद ने अपने फोन पर रिकॉर्ड किया था और वीडियो को ऑनलाइन पोस्ट किया था। उन्होंने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लेते हुए बाद में एक अन्य वीडियो में कहा था कि उन्होंने इस्लाम के कथित अपमान का बदला लेने के लिए कन्हैया लाल की हत्या कर दी है। हालांकि, हत्याकांड के कुछ ही घंटों बाद दोनों मुख्य आरोपियों को राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## हरियाणा को अलग विधानसभा भवन के लिए चंडीगढ़ में मिलेगी जमीन, पंजाब ने जताई नाराजगी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा के लिए एक नए भवन का निर्माण होगा। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि हरियाणा विधानसभा के लिए अलग भवन की हमारी मांग को पूरा करते हुए आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मान ली है। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने चंडीगढ़ में विधानसभा के लिए अतिरिक्त जमीन देने की घोषणा की है। ऐसे में मैं समस्त हरियाणा वासियों की ओर से गृह मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस घोषणा के लिए समस्त हरियाणा वासियों की ओर से गृहमंत्री का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा के लिए नए अतिरिक्त भवन के लिए भूमि की पहचान कर ली गई है। अब गृहमंत्री की घोषणा के बाद जल्द ही इसका काम शुरू हो पाएगा।



दरअसल वर्ष 2026 में नया परिसीमन प्रस्तावित है, जिसके आधार पर वर्ष 2029 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव होंगे। अनुमान है कि नये परिसीमन में हरियाणा की जनसंख्या के अनुसार विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 126 तथा लोकसभा क्षेत्रों की संख्या 14 होगी। हरियाणा विधानसभा में इस समय 90 विधायक हैं। मौजूदा भवन में इन 90 विधायकों के बैठने के लिए भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। यही नहीं, इस भवन का विस्तार किया जाना भी संभव नहीं है, क्योंकि यह हैरीटेज बिल्डिंग है। मौजूदा भवन में भी हरियाणा को लगभग 56 साल बीत जाने के बाद भी पूरा हक नहीं मिला है। विधानसभा भवन में 24,630 वर्ग फुट क्षेत्र हरियाणा विधानसभा सचिवालय को दिया गया था। लेकिन हरियाणा के हिस्से में आए 20 कमरे अभी भी पंजाब विधानसभा के कब्जे में हैं। ऐसे में कर्मचारियों के साथ-साथ विधायकों, मंत्रियों और समितियों की बैठक के लिए पर्याप्त स्थान की कमी आड़े आ रही है। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चन्द गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि जयपुर में हो रही उत्तर क्षेत्र परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा को नई सौगात दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के नए विधानभवन के लिए हम एक साल से प्रयास कर रहे थे। सीएम मनोहर लाल खट्टर ने यह बात उनके समक्ष बैठक में रखी और गृह मंत्री ने चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा बनने को मंजूरी दे दी।

## महाराष्ट्र के आम लोगों के जीवन में अच्छे दिन लाऊंगा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का वादा

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि वह अपने पोस्ट का इस्तेमाल राज्य के लोगों को न्याय दिलाने में करेंगे। उन्होंने कहा कि वह नागरिकों के जीवन में अच्छे दिन लाने का प्रयास करेंगे। शिंदे ने कहा, हम बालासाहेब ठाकरे के हिन्दुत्व को आगे ले जाने और धर्मवीर आनंद दिघे की शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करेंगे।

शिंदे ने कहा कि वह उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ विचार-विमर्श के बाद अगले सप्ताह अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। साथ ही उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा करने और भाजपा के साथ गठबंधन में अगला चुनाव जीतने का भी भरोसा जताया। उन्होंने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के मध्यावधि चुनाव कराने के आह्वान को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्य सरकार मजबूत है और 288 सदस्यीय विधानसभा में उसे 164 विधायकों का समर्थन है, जबकि विपक्ष के पास सिर्फ 99 विधायक हैं।

एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। शिंदे और फडणवीस शनिवार शाम पंढरपुर के रास्ते पुणे के लिए रवाना हुए, जहां मुख्यमंत्री आषाढ़ एकादशी के अवसर पर भगवान वि_ल की पूजा करेंगे। मालूम हो कि शिंदे और फडणवीस ने 30 जून को पदभार ग्रहण किया था। उससे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विधायकों के विद्रोह के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## छोटी और घातक फोर्स के भारतीय वायुसेना के विजन को पूरा करती है अग्निपथ योजना : एयर चीफ मार्शल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रविवार को कहा कि अग्निपथ योजना भारतीय वायुसेना के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के तहत लाई गई है। उन्होंने साफ किया कि नई भर्ती प्रणाली वायुसेना की संचालन क्षमता को किसी भी तरह से कम नहीं करेगी। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि चार साल की नियुक्ति अवधि में 13 टीमें अग्निवीरों के नामांकन, रोजगार, मूल्यांकन और प्रशिक्षण का जिम्मा संभालेंगी। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन से पेंशन और अन्य खर्चों में होने वाली कोई भी कमी महज आकस्मिक है और इसे सुधार लागू करने की वजह नहीं मानना चाहिए।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, अग्निपथ योजना भारतीय वायुसेना के श्रमशक्ति के बेहतर दोहन के अभियान को आगे बढ़ाती है। यह काम एक दशक से चल रहा है और जिसके तहत हमने कई मानव संसाधन नीतियों और संगठनात्मक संरचनाओं की समीक्षा की है। यह योजना सबसे अच्छे मानव संसाधन के साथ छोटे और घातक बल होने के भारतीय वायुसेना के दीर्घकालिक दृष्टिकोण की पूरक है, क्योंकि हम दृढ़ता से मानते हैं कि जरूरत के समय में किसी भी बल में शामिल पुरुष और महिलाएं उसकी ताकत को साबित करते हैं।



**वायुसेना के 3,000 पदों के लिए 7,50,000 आवेदन**

नई भर्ती योजना के तहत भारतीय वायुसेना के लगभग 3,000 पदों के लिए तकरीबन 7,50,000 आवेदकों ने पंजीकरण कराया है। 14 जून को घोषित अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों में केवल चार साल के लिए साढ़े 17 से 21 वर्ष तक के युवाओं की भर्ती करने का प्रावधान है, जिनमें से 25 फीसदी की सेवाएं 15 और वर्षों के लिए बरकरार रखी जाएंगी। साल 2022 के लिए भर्ती की ऊपरी आयु सीमा को बढ़ाकर 23 वर्ष किया गया है।

पिछले महीने भारत के कई हिस्सों में अग्निपथ योजना के खिलाफ हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने यह कहते हुए योजना को वापस लेने की मांग की कि नई भर्ती प्रणाली 75 फीसदी अग्निवीरों को नौकरी की गारंटी नहीं देती है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, लगातार बदलती और विकसित होती तकनीक के साथ एक वायु योद्धा से अपेक्षित बुनियादी कौशल में भी गुणात्मक बदलाव आया है। हमें लगता है कि आज के युवा न सिर्फ अलग और आवश्यक कौशल रखते हैं, बल्कि प्रौद्योगिकी के मामले में भी बेहद दक्ष हैं।

**करगिल समीक्षा समिति की सिफारिशों पर उठाए कदम**

उन्होंने दावा किया कि संगठनात्मक आवश्यकताओं और युवाओं की आकांक्षाओं के बीच तालमेल भारतीय वायुसेना को बेहद प्रभावी बल बनने के लिए आदर्श परिस्थिति मुहैया करेगा। वायुसेना प्रमुख ने कहा, एक पुनर्गठित प्रशिक्षण प्रणाली, जो हमारी परिचालन प्रतिबद्धताओं के लिए समकालीन, प्रौद्योगिकी-आधारित और विशेष रूप से निर्मित है, उसके साथ हम योजना के कार्यान्वयन को निर्बाध बनाने की परिकल्पना करते हैं। सशस्त्र बलों में मानव संसाधन में बदलाव की आवश्यकता पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया गया है और करगिल समीक्षा समिति की सिफारिशों पर धीरे-धीरे ध्यान केंद्रित करने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा, चयन की प्रक्रिया जारी है। हमने चार साल की भर्ती अवधि में अग्निवीरों के निर्बाध नामांकन, भूमिका, रोजगार, मूल्यांकन और प्रशिक्षण के लिए 13 टीमों का गठन किया है। मानव संसाधन में बदलाव किसी भी रूप में हमारी संचालन क्षमता को प्रभावित नहीं करता है। अलबत्ता यह सशस्त्र बलों को प्रतिभाओं को आकर्षित करने और राष्ट्र की सेवा करने के इच्छुक युवाओं के साथ जुडऩे का लाभ प्रदान करेगा।